विस्तार से

साईं कॉलेज सेक्टर 6 में आयकर विभाग द्वारा आयकर का राष्ट्र निर्माण में योगदान पर सेमिनार आयोजित

भिलाईनगर। साईं कॉलेज, सेक्टर 6 भिलाई में आज , आज़ादी के अमृत महोत्सव के तहत आयकर विभाग भिलाई के द्वारा छात्र-छात्रों हेतु आयकर का राष्ट्र निर्माण में योगदान पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ डी बी तिवारी एवं अतिथियों के द्वारा पूजा अर्चना कर सेमिनार प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य के द्वारा अतिथियों का स्वागत परिचय दिया गया।

आयकर का राष्ट्र निर्माण में योगदान विषय पर सेमिनार में श्रीमती बीनू जे कुमार, इनकम टैक्स ऑफिसर एवं श्रीलता संजय , इनकम टैक्स इंस्पेक्टर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए। श्रीमती बीनू जे कुमार ने अपने संबोधन में छात्र-छात्राओं को आयकर का महत्व, डायरेक्ट टैक्स एवं इनडायरेक्ट टैक्स में अंतर, किस प्रकार से टैक्स के माध्यम से प्राप्त फंड का भारत सरकार उपयोग कर लोगों को सुविधाएं उपलब्ध करती है आदि विषयों पर जानकारी प्रदान की गई। और साथ ही छात्रों से इन सभी विषयों पर चर्चा भी की गई। इसके साथ ही उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए उन्हें भविष्य में पैन कार्ड बनवाकर सही आयकर रिटर्न भरने हेतु सभी को प्रेरित किया।

इस सेमीनार के माध्यम से छात्र अत्यंत प्रभावित हुए उन्हें विविध प्रकार की जानकारी प्राप्त हुई एवं छात्र-छात्राओं को इनकम टैक्स और इनडायरेक्ट टैक्स से संबंधी प्रश्नों के उत्तर भी प्राप्त हुए। डिप्टी डायरेक्टर, आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉक्टर ममता सिंह के द्वारा आभार व्यक्त किया गया एवं उन्होंने बताया कि किस प्रकार से अतिथियों के द्वारा अत्यंत सरल शब्दों में इनकम टैक्स एंड इनडायरेक्ट टैक्स संबंधी संपूर्ण जानकारी छात्र छात्राओं को दी गई।

कार्यक्रम का संचालन मैनेजमेंट विभाग की सहायक प्राध्यापिका कुमारी श्रद्धा नामदेव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन में महाविद्यालय प्रबंधन, प्रबंध एवं वाणिज्य विभाग की डीन डॉ अंजू कुमारी, डॉ विमल कुमार, कुमारी श्रद्धा नामदेव, कुमारी हिना